दिनांक 31.01.2019

स्वच्छ भारत अभियान

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम, भिलाई के महापौर व विधायक देवेन्द्र यादव एवं आयुक्त एस 0के0 सुंदरानी ने पूर्व में सभी जोन आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक, स्वच्छता पर्यवेक्षक की बैठक आहूत कर सक्त निर्देश दिया था कि गंदगी फैलाने वालों के उपर कड़ी कार्यवाही की जाये।

उसी कड़ी में आज स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जोन 03 मदर टेरेसा नगर के मैरिज पैलेस एवं खुले मैदान पर शादी , विवाह का कार्यक्रम आयोजित था जिसपर स्वास्थ्य विभाग का अमला मानव आश्रम पहुंचकर मौका मुआयना किया जिसपर पाया गया कि बड़ी मात्रा में खाने , पीने के सामान सहित डिस्पोजल बगैरह कई जगह पर बिखरे पड़े है मानव आश्रम के प्रबंधक को कड़ी चेतावनी देते हुए समझाया गया कि इस प्रकार की लापरवाही न की जाये और साथ ही 51 हजार रुपये की अर्थदण्ड राशि वसूल कर निगम कोष में जमा कराया गया।

नगर पालिक निगम, भिलाई के महापौर व विधायक देवेन्द्र यादव एवं आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने आम नागरिकों से अपील की है कि खाने , पीने का सामान इधर-उधर न डालें , डस्टबीन का उपयोग करें जिससे हमारा पर्यावरण का संतुलन अच्छा रहेगा और किसी भी प्रकार की बिमारियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

कार्यवाही में जोन 03 का स्वास्थ्य एवं राजस्व अमले के साथ निगम के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।

जनसम्पर्क अधिकारी